Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 207 ◻ रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश नहीं हुए 28 आबकारी अधिकारी, सभी के खिलाफ वारंट जारी

रायपुर, 21 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया है. बता दें कि शराब घोटाला मामले में 29 अधिकारियों को ईओडब्ल्यू ने आरोपी बनाया है. इनमें से एक अधिकारी की मौत हो चुकी है. बाकी 28 अधिकारियों की आज ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेशी थी, लेकिन एक भी अधिकारी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए, इसके चलते सभी अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है. बता दें कि हाल ही में हाईकोर्ट ने घोटाले में शामिल 28 आबकारी अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की थी.

इस पूरे नेटवर्क में डिस्टलरी, ट्रांसपोर्टर, सेल्समैन, सुपरवाइजर, आबकारी विभाग के जिला प्रभारी अधिकारी, मंडल व वृत्त प्रभारी, और मैन पावर एजेंसी के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे. अवैध शराब को बी-पार्ट शराब कहा जाता था और इससे अर्जित रकम सीधे सिंडीकेट के पास पहुंचाई जाती थी। ईओडब्ल्यू/एसीबी द्वारा अब तक की गई जांच और 200 से अधिक व्यक्तियों के बयान एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर अनुमान है कि लगभग 60,50,950 पेटी बी-पार्ट शराब की अवैध बिक्री हुई है, जिसकी अनुमानित कीमत 2174 करोड़ रुपये से अधिक है. पहले इस घोटाले का अनुमान 2161 करोड़ रुपये था, लेकिन नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घोटाले की कुल राशि 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है. इस मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल, सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा और होटल व्यवसायी अनवर ढेबर समेत 15 लोग पहले से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं. ईओडब्ल्यू की जांच में अब तक कुल 70 लोगों को आरोपित बनाया गया है, जिसमें आठ डिस्टलरी संचालक भी शामिल हैं. अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है।

ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाले में इन अधिकारियों को बनाया है आरोपी

जनार्दन कौरव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी
अनिमेष नेताम, उपायुक्त आबकारी
विजय सेन शर्मा, उपायुक्त आबकारी
अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त आबकारी
प्रमोद कुमार नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी
रामकृष्ण मिश्रा, सहायक आयुक्त आबकारी
विकास कुमार गोस्वामी, सहायक आयुक्त आबकारी
इकबाल खान, जिला आबकारी अधिकारी
नितिन खंडुजा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी
नवीन प्रताप सिंह तोमर, सहायक आयुक्त आबकारी
मंजुश्री कसेर, सहायक आबकारी अधिकारी
सौरभ बख्शी, सहायक आयुक्त आबकारी
दिनकर वासनिक, सहायक आयुक्त आबकारी
मोहित कुमार जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी
नीतू नोतानी ठाकुर, उपायुक्त आबकारी
गरीबपाल सिंह दर्दी, जिला आबकारी अधिकारी
नोहर सिंह ठाकुर, उपायुक्त आबकारी
सोनल नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी
प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त आबकारी
अलेख राम सिदार, सहायक आयुक्त आबकारी
आशीष कोसम, सहायक आयुक्त आबकारी
ए.के. सिंह, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त)
राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त आबकारी
जे.आर. मंडावी, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त)
जी.एस. नुरुटी, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त)
देवलाल वैद्य, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त)
ए.के. अनंत, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त)
वेदराम लहरे, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त)
एल.एल. ध्रुव, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त)

विपक्ष के हंगामे पर लोकसभा स्पीकर ने लगाई लताड़, अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। संसद में एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध बना रहा, हालांकि अदालत में विचाराधीन होने के चलते इस पर संसद में चर्चा नहीं हो सकी।

लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे जैसे ही दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी सांसदों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। जिस पर लोकसभा स्पीकर ने सांसदों को लताड़ लगाई और कहा कि सदन में विपक्ष का आचरण लोकतंत्र के मूल्यों के अनुरूप नहीं रहा। ये संसद की गरिमा के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता देख रही है कि किस तरह से अहम मुद्दों पर चर्चा को बाधित किया जा रहा है। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। जिसमें लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए और 55 सवालों के ही मौखिक जवाब दिए गए। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान पीएम मोदी भी सदन में मौजूद रहे।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा, तैनात रहेंगे सीआरपीएफ के जवान

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने संभाल ली है और अब उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। यह कदम बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन पर हुए हमले के एक दिन बाद उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस से सीआरपीएफ को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है और अगले कुछ घंटों में इसके पूरा होने की उम्मीद है। एक बार व्यवस्था तय हो जाने के बाद, दिल्ली पुलिस मुख्यमंत्री आवास की बाहरी सुरक्षा का प्रबंधन जारी रखेगी, जबकि सीआरपीएफ सीधे तौर पर उनकी व्यक्तिगत और क्षेत्र-विशिष्ट सुरक्षा का प्रबंधन करेगी।

ब्रेकिंग न्यूज

चांदीपुर से अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारत ने बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि 'अग्नि-5' मिसाइल मौजूदा परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। इसमें कहा गया है कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

वैष्णो देवी लेकर जा रही बस 20 फीट गहरे नाले में गिरी, एक की मौत, 40 घायल

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के सांबा ज़िले के जटवाल इलाके में गुरुवार सुबह माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही एक बस का एक टायर फटने से 20 फीट गहरे नाले में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। यह भीषण हादसा सांबा ज़िले के जटवाल गाँव में हुआ। उत्तर प्रदेश से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी आ रही बस में 65 से 70 श्रद्धालु सवार थे। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 40 अन्य घायल हो गए। आपातकालीन सेवाएँ और स्थानीय निवासी फंसे हुए यात्रियों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुँचे। घायलों को पहले सांबा जिला अस्पताल ले जाया गया, और गंभीर हालत में उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स विजयपुर रेफर कर दिया गया। यह दुर्घटना जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जिससे यातायात अस्थायी रूप से बाधित हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जाँच शुरू कर दी है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, अब 30 दिन जेल में रहने पर जाएगा मंत्री पद।
चुहिया- हां जी, लेकिन तत्काल इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है 30 दिन तो और सुशोभित हो सकते हैं..!

स्टेट जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई: कारोबारी अंकित सिंह गिरफ्तार बोगस बिलिंग से 19.65 करोड़ का किया था आईटीसी फ्रॉड

रायपुर, 21 अगस्त (हाईवे चैनल)। राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग छत्तीसगढ़ ने ट्रैक्स चोरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए महावीर मोल्ड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर अंकित सिंह को गिरफ्तार किया है। विभागीय जांच में सामने आया है कि आरोपी ने 18 बोगस व्यवसायियों से खरीदी दिखाकर वर्ष 2024-25 और 2025-26 में लगभग 19.65 करोड़ रुपये का अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट फ्रॉड किया है।

जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने फर्जी आईटीसी अन्य व्यवसायियों को पासऑन कर राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई। गिरफ्तारी के बाद अंकित सिंह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) रायपुर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी अंकित सिंह महावीर मोल्ड्स इंडिया प्रा. लि. के डायरेक्टर होने के साथ-साथ जय बजरंग लोहा प्रा. लि. और श्री पशुपतिनाथ लोहा एंड स्टील ट्रेडर्स प्रा. लि. का संचालन और प्रबंधन भी कर रहा था। जांच में पाया गया कि उसने इन फर्मों के कर दायित्व को समायोजित करने के लिए भी अपात्र इ्नपुट का दावा किया। जीएसटी प्रणाली के अंतर्गत धोखाधड़ी को रोकने और कर अनुपालन को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के अधीन जीएसटी लगातार कार्रवाई कर रहा. कारोबारियों द्वारा बोगस पंजीकरण लिया जाकर और वस्तु के वास्तविक सप्लाई किए बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट के दुरूपयोग का पता लगाने के लिए राज्य जीएसटी विभाग निरंतर अभियान चला रहा है। इसी अभियान के तहत राज्य जीएसटी विभाग ने 20 अगस्त को तीन कारोबारी कंपनियों द्वारा की गई धोखाधड़ी और कर चोरी का पता लगाया है. इन फर्मों के संचालन में संलिप्त व्यवसायी अंकित सिंह को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ही कंपनियां अस्तित्वहीन व्यवसायियों द्वारा जारी फर्जी बिलों एवं चालानों के माध्यम से आईटीसी प्राप्त करने और इसका लाभ अन्य कारोबारियों को पासऑन किए जाने में संलिप्त है।

जापान और दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हुए सीएम साय, ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो में होंगे शामिल

रायपुर, 21 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कल मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद आज गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे के लिए रवाना हो गए है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि, मैं जापान और दक्षिण कोरिया जा रहा हूँ। जापान के ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो का आयोजन किया गया है। मैं इसमें भाग लेने जा रहा हूँ। जापान और दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अवसर हैं, और छत्तीसगढ़ में भी इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएँ हैं।

सीएम ने कहा हम उद्यमियों को यहाँ निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। नई उद्योग नीति लाने के बाद अब तक 6.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू साइन हो चुके हैं और काफ़ी काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री के रूप में यह पहली विदेश यात्रा है।

उपराष्ट्रपति पद के लिए बी. सुदर्शन रेड्डी ने दाखिल किया नामांकन, मौजूद रहे इंडिया ब्लॉक के बड़े नेता

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। उपराष्ट्रपति पद के लिए इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित वरिष्ठ विपक्षी नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार, सपा सांसद राम गोपाल यादव, डीएमके सांसद तिरुचि शिवा, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत और अन्य इंडिया ब्लॉक नेता भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी।

हवा में टूटा डेल्टा एयरलाइंस के विमान का पंख, पायलट ने कराई चमत्कारी लैंडिंग

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। एक चौंकाने वाली घटना में अमेरिका के टेक्सास में डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान का बायां पंख वाला फ्लैप हवा में ही टूटकर अलग हो गया। यह घटना मंगलवार को डेल्टा एयर लाइन्स की उड़ान संख्या 1893 के साथ हुई। हालांकि विमान के क्रू ने सूझबूझ से काम लेते हुए ऑस्टिन-बर्गस्ट्रॉम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को डेल्टा एयर लाइन्स की उड़ान संख्या 1893 अपनी सामान्य उड़ान पर थी। हवा में ही विमान का बायां फ्लैप क्षतिग्रस्त होकर अलग होता हुआ दिखाई दिया। फ्लैप पंख का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जो विमान को उड़ान भरने और उतरने में मदद करता है। इस घटना के बाद विमान के चालक दल ने तुरंत ऑस्टिन-बर्गस्ट्रॉम

जनअदालत लगाकर युवक की हत्या मामले में बड़ा खुलासा

जगदलपुर/कांकेर, 21 अगस्त (हाईवे चैनल)। नक्सली हिंसा का चौंकाने वाला मामला सामने आया है. दो दिन पहले नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर आदिवासी युवक की हत्या की थी. इस घटना की असली वजह अब उजागर हुई है. जानकारी के अनुसार, युवक मनेश नरेटी ने (स्वतंत्रता दिवस) 15 अगस्त को नक्सलियों के स्मारक में तिरंगा फहराया था और भारत माता के जयकारे लगाए थे. इससे बौखलाकर नक्सलियों ने मनेश की हत्या की थी. पूरा मामला कांकेर जिले के बिनागुंडा गांव का है. इस घटना से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है.

- **नक्सली स्मारक के ऊपर तिरंगा फहराने पर नक्सलियों ने वारदात को दिया था अंजाम**

छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के बिनागुंडा गांव में सोमवार की रात हथियारबंद नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर आदिवासी युवक मनेश नुरुटी को मौत की सजा सुनाई और बेरहमी से उसकी हत्या की थी. साथ ही माओवादियों ने कई ग्रामीण नेताओं और पुलिस अधिकारियों को भी खुली धमकी दी थी. बताया जा रहा है कि बिनागुंडा गांव के मनेश नुरुटी पर नक्सलियों ने पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया. उसे सोमवार की रात उसके घर से उठाकर गांव के बीच ले गए, जहां ग्रामीणों को मीटिंग के नाम पर पहले से ही इकट्ठा किया गया था.

दीपावली और छठ पर चलेंगी 12 हजार स्पेशल ट्रेनें

नई दिल्ली, 21 अगस्त (न्यूज चैनल)। त्योहारों के दौरान यात्रा को बेहतर बनाने के एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि इस वर्ष दिवाली और छठ के दौरान बिहार के लिए 12,000 से अधिक ट्रेनें चलाई जाएँगी। इस निर्णय का उद्देश्य त्योहारों के दौरान यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाना है, जब टिकटों की माँग बढ़ जाती है। वैष्णव ने देश भर में ट्रेन से यात्रा करने वाले बिहार के लोगों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा की गई कई पहलों की भी घोषणा की।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने वैशाली से एक विशेष बुद्ध सर्किट ट्रेन शुरू करने की भी योजना बनाई है, जो भगवान बुद्ध से जुड़े प्रमुख विरासत स्थलों को जोड़ेगी। यह ट्रेन हाजीपुर, पाटलिपुत्र, नालंदा, राजगीर, गया और अन्य पर्यटन स्थलों को कवर करेगी। रेल मंत्री ने आगे कहा कि पूर्णिया और पटना के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की जाएगी, और सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए दिल्ली और गया को जोड़ने के लिए एक नई अमृत भारत ट्रेन शुरू की जाएगी।

यह घोषणा बिहार एनडीए नेताओं द्वारा आगामी दिवाली और छठ त्योहारों के लिए रेलवे व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में वैष्णव से मुलाकात के बाद की गई। नेताओं ने राज्य की तत्काल कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को प्रस्तुत किया, जबकि मंत्री ने उन्हें बिहार के रेल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का आश्वासन दिया। इस महीने की शुरुआत में, मंत्रालय ने आगामी त्योहारी सीज़न के दौरान भीड़भाड़ कम करने और यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक प्रायोगिक त्योहारों की भीड़ के लिए राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू की थी।